# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
12/02/2024

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan Times, Prayagraj, (UP)

# Blood donation camp held on RAF campus

**HT Correspondent**
allahabad.htdesk@hindustantimes.com

**PRAYAGRAJ:** A voluntary blood donation camp was organised at the Sitapuram campus of Rapid Action Force (RAF)-101 RAF- on Saturday. The camp was inaugurated by the commandant of the unit, Manoj Kumar Gautam. The event was coordinated under the active supervision of Dr Vijay Kumar Mishra, director of Krishna Blood Bank and Dr Ashok Kumar, senior medical officer of 101 RAF.

Commandant Manoj Kumar Gautam delivered a message to the congregation present regarding the significance of blood donation. He highlighted that while the Rapid Action Force performs 24x7 law and order duties in different parts of the country, despite all odds of weather and climate, it also plays a pioneer role in fulfilling social responsibilities. It is in line with this ethos that this blood donation camp has been organised, he added.



**An RAF personnel donating blood at the camp** HT PHOTO

The Commandant volunteered himself at the very beginning and inspired others. All ranks and files of the unit took part in the event with zeal and enthusiasm. Among those present were Premjeet Kumar (second in-command), Vinod Kumar (deputy commandant), BK Dubey (deputy commandant), TN Singh (deputy commandant), Neeraj Kumar (deputy commandant), besides other officers and Jawans of the unit.

Amrit Prabhat, Prayagraj, (UP)

# नि :शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन



**अमृत प्रभात, फाफामऊ, प्रयागराज (नि.सं.)।** शांतिपुरम स्थित 101आर ए एफ के प्रांगण में शनिवार को वाहिनी चिकित्सालय में निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।उक्त निःशुल्क रक्तदान शिविर कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम के दिशा-निर्देशन में कृष्णा ब्लड बैंक एण्ड कम्पोनेन्ट सेंटर गद्दोपुर प्रयागराज के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें वाहिनी के कार्मिकों व अधिकारियों ने उत्साह और जोश के साथ स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। वाहिनी के कमाण्डेंट ने बताया कि 101आर ए एफ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होने रक्तदान को महादान की संज्ञा दी और दूसरों को जीवन दान देने के बराबर बताया। कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम ने सर्वप्रथम स्वयं रक्तदान करके रक्त दान करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित किया और कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के रक्तदान शिविर का आयोजन 101आर ए आफ परिसर में किया जाता रहेगा। इस अवसर पर प्रेमजीत कुमार,द्वि0कमा0 अधिश्र, विनोद कुमार उप0कमा0 वृजेश कुमार दुबे, उप0कमा0, डा0 अशोक कुमार स्व्ह टी.एन. सिंह उप0कमा0, नीरज कुमार, उप0कमा0 अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण सभी जवान एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

Amar Ujala, Prayagraj, (UP)

# आरएएफकर्मियों ने किया रक्तदान



फाफामऊ। आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम में शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। कुल 40 अधिकारियों एवं जवानों ने रक्तदान किया। कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने सर्वप्रथम रक्तदान कर कार्यक्रम की शुरूआत की। रक्तदान सबसे बडा दान बताया। इस मौके पर कुल 40 अधिकारियों, जवानों, कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से द्वितीय कमान अधिकारी प्रेम जीत कुमार, उप कमांडेंट बृजेश कुमार दूबे, विनोद कुमार, अशोक कुमार, टीएन सिंह, नीरज कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

**Dainik bhaskar, Akola, (MP)**


**शक्ति प्रदर्शन** | पुलिस के साथ 107 द्रुत कार्य बल का संयुक्त परिचय टास्क

# रैपिड एक्शन फोर्स ने किया रुट मार्च

निज संवाददाता | अकोला

रैपिड एक्शन फोर्स के साथ अकोट फैल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी व कर्मचारियों समेत एक रुट मार्च गुरुवार को अकोट फैल पुलिस थाने की सीमा में निकाला गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में आरएएफ व पुलिस फोर्स ने संचलन किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय व्दारा भारत सरकार के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) की बी /107 बटालियन की एक प्लाटून जगदीश प्रसाद बलाई कमांडेन्ट 107 बटालियन के आदेशानुसार सहायक कमांडेंट अमनकुमार के नेतृत्व में 3 फरवरी से लेकर 9 फरवरी तक अकोला जिले में हर एक पुलिस स्टेशन के इलाकों में परिचय अध्ययन टास्क पूरा किया जा रहा है। यह जानकारी सहायक कमांडेंट अमन कुमार ने दी है। रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से संवेदनशील इलाकों में आयोजित इस रुट मार्च में एक राजपत्रीत अधिकारी, अधिनस्त अधिकारी 8 तथा 41 फोर्स के जवान मिलाकर कुल 50 अधिकारी कर्मचारियों का यह दल है।



## मल्टिपल टास्क करेंगे पूर्ण

रैपिड एक्शन फोर्स बी /107 बटालियन अपने इस दौरे में पुलिस विभाग के साथ सामंजस्य बनाते हुए अलग अलग टास्क पूर्ण करेगी। दिए गए टास्क में विपरित परिस्थितियों में काम करने का प्रशिक्षण इस फोर्स को प्राप्त है। द्रुत कार्य बल के प्राथमिक तथा व्दितीय स्वरूप के कार्य होते हैं। जिसमें राजनीतिक दल, समाजसेवी संगठन, जीव रक्षक संस्थाओं की जानकारी एकत्रित करना, अलग अलग क्षेत्रों का अभ्यास कर इसका मानचित्र बनाना इतना ही नहीं असामाजिक तत्वों की सूची बनाना, बलवाईयों की सूची बनाना जिससे भविष्य में किसी इलाके में दंगे जैसी स्थिति पैदा हो जाती है तो इससे निपटने के लिए तत्काल एक्शन लिया जा सके। 3 फरवरी से जिले के अलग अलग पुलिस थाना क्षेत्र में बटालियन अपना टास्क पूर्ण कर रही है। यह काम 9 फरवरी तक जारी रहेगा। यह जानकारी बटालियन के सहायक कमांडेंट अमनकुमार ने दैनिक भास्कर को दी है।

## पुलिस अधिकारी हुए शामिल

रुट मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, एसडीपीओ सतीश कुलकर्णी, अमनकुमार सहायक कमांडेंट आरएएफ, शहर के सभी पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी समेत आरसीपी प्लाटून, क्यूआरटी तथा पुलिस के जवानों के साथ कुल 28 अधिकारी कर्मचारी समेत 250 शामिल हुए।

**Lokmat News, Akola, (MP)**

# पातुर में हुआ पुलिस का पथ संचलन

## सहायक पुलिस अधीक्षक गोकुल राज ने की अगुवाई



पातुर में बुधवार को पथ संचलन की अगुवाई करते सहायक पुलिस अधीक्षक गोकुल राज, साथ हैं किशोर शेलेके और अनिल जुमले.

लोकमत समाचार सेवा

**अकोला :** आगामी त्योहारों सहित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने की दृष्टि पुलिस प्रशासन द्वारा सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं. इसी कड़ी में बुधवार, 7 फरवरी को पातुर शहर में पुलिस का पथ संचलन किया गया.

बालापुर उप-विभाग के सहायक पुलिस अधीक्षक गोकुल राज की अगुवाई में किए गए पथ संचलन में पातुर थाना के पुलिस निरीक्षक किशोर शेलके और बालापुर थाना के पुलिस निरीक्षक अनिल जुमले शामिल थे. पथ संचलन में 107 बटालियन आरएएफ हिनोतिया, रायसेन मध्यप्रदेश के कमांडट जगदीश प्रसाद बलाई, सहायक कमांडट अमन कुमार के अलावा राज-पत्रित अधिकारी, सैनिक तथा पुलिस कर्मचारियों के अलावा 6 मोटरसाइकिल सवार पुलिस कर्मचारियों का भी समावेश था.

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**